# जन प्रकाशन

JAN PRAKASHAN NEWS

इन्दौर-भोपाल से एकसाथ प्रकाशित janprakashan@gmail.com www.janprakashan.com

सत्य ● साहस ● सरोकार

चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं

वर्षः 10 | अंकः 38 इंदौर | गुरुवार, 23 - 29 मार्च 2023 पृष्ठः 08 | मूल्यः 02 रुपए




# महानगर के लिए यातायात व मादक पदार्थ है अहम चुनौती- मकरंद देउस्कर

## थानों में पुलिस के व्यवहार में प्रोफेशनल पुलिसिंग को बढ़ावा



चंकि बाजपेयी
सिटी रिपोर्टर

इंदौर/ जन प्रकाशन

भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में नवागत पुलिस कमिश्नर द्वारा बुधवार को अपना पदभार ग्रहण किया गया इस दौरान शहर के तमाम डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, एसीपी द्वारा उन्हें कमिश्नर कार्यालय पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं इस ऐतिहासिक शहर में कमिश्नर के रूप में पदस्थ हुआ हूं।

दरअसल बता दे बीजेपी सरकार द्वारा भोपाल और इंदौर में अपराधिक घटनाओं की रोकथाम और शहर में लॉ एंड ऑर्डर अमल कराने के उद्देश्य से कमिश्नरी प्रणाली लागू की गई थी जिसके तहत इंदौर के प्रथम पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा को पदस्थ किया गया था जिसके बाद अब दूसरी बार इंदौर पुलिस कमिश्नर की कमान मकरन्द देऊस्कार को सौंपी गई है वह इंदौर इससे पहले भी आ चुके हैं 1997 बेच के आईपीएस अफसर है उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान साफ तौर पर कहा है कि इंदौर पुलिस शहर की आम जनता को बेहतर सेवा देने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है इसी के साथ उन्होंने तमाम सवालों के जवाब भी दिए।



### यातायात और मादक पदार्थ तस्करी है शहर की बड़ी समस्या

इंदौर पुलिस द्वारा पहले भी एमडी ड्रग्स को लेकर बड़ी ऐतिहासिक कार्रवाई की गई थी और किसी भी महानगर के लिए यातायात और मादक पदार्थ बहुत बड़ी समस्या रहती है मादक पदार्थ की तस्करी रोकने के लिए सबसे पहले सप्लाई चेन को काटा जाएगा और उसके बाद डिमांड चीन को खत्म किया जाएगा और इस काम करने की आवश्यकता है।

### गुंडे बदमाशों पर रहेगी पैनी नजर

शहर में आए दिन लूटपाट और डकैती जैसी वारदातों से निपटने के लिए उनका कहना था कि गुंडे बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन पर नकेल कसी जाएगी आदतन अपराधी आम जनता के साथ कोई घटना ना कर सके इस और कड़ी कार्रवाई के साथ ही उन पर बारीकी से नजर रखी जाएगी

### धोखाधड़ी की वारदात पर समय रहते प्रकरण दर्ज होगा

शहर आर्थिक रूप से तो राजधानी है ही साथ ही शहर की जमीनी धोखाधड़ी के साथ व्यापारी धोखाधड़ी भी काफी अहम मुद्दा शहर के लिए बनी हुई है इसके लिए उनका कहना था कि धोखाधड़ी एक बड़ा अपराध है जो शहर बढ़ रहे हैं वहां पर जमीनों से जुड़े मामलों में शिकायतें आती हैं समय अनुसार प्रकरण दर्ज हो सके इसके लिए कार्य किया जाएगा जिसमें अपराधी घटनाक्रम पूर्ण रूप से स्पष्ट हो उसमें प्रकरण दर्ज कर फरियादी को जल्दी राहत पहुंचाई जाएगी।

### प्रोफेशनल पुलिसिंग पर काम किया जाएगा

शहर के थानों पर पुलिस का व्यवहार पर ध्यान दिया जाएगा किसी भी तरह का कोई फरियादी आता है चाहे महिला, पुरुष या किसी तरह का कोई फरियादी आता है उससे पुलिस के व्यवहार को प्रोफेशनल होने की आवश्यकता है ताकि उसकी समस्या का निदान करने के साथ ही एक पुलिस का अच्छा व्यवहार उसके साथ जाए।

# इंदौर कलेक्टर कार्यालय में हुआ करोड़ो का फर्जीवाड़ा

## लेखा शाखा विभाग के बाबू ने पत्नि और रिश्तेदारों के खातों में डाले सरकारी रुपये

इंदौर/ जन प्रकाशन

**जीतेन्द्र माथुर।** भारत में जब कोरोना कॉल में सन 2020–21 में आम आदमी दो मोहलत की रोटी जुगाड़ में लगा था तब सरकार व आम जनता के हक का रुपया कलेक्टर कार्यालय में ट्रेजरी का अकाउंटेंट पद पर पदस्थ मिलाप चौहान करोड़ो की राशि अपने परिजनों के खातों में हस्तांतरित कर फर्जीवाड़े की घटना को अंजाम दे रहा था, जांच में अभी तक 3 करोड़ रुपए के फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है जो कि आने वाले दिनों में और बढ़ने की संभावना है...।

दरअसल, कलेक्टर कार्यालय में काम करने वाले सहायक ग्रेड 3 मिलाप चौहान के द्वारा गबन कर सरकारी राशि को अपने और अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कर दिया था, जिसका खुलासा सोमवार को हुआ, जिसके बाद कलेक्टर ने बाबू को तत्काल सस्पेंड कर दिया, वही इस मामले में कलेक्टर इलैया राजा टी ने बताया कि आरोपी तीन साल में एक करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला किया है, हम जांच कर रहे हैं, इसके लिए एक टीम भी बनाई है, जिसमे उसके रिश्तेदारों के खातों की जांच की जा रही है।




इंदौर कलेक्टर कार्यालय ट्रेजरी में हुए घोटाले को लेकर एडीएम राजेश राठौड़ के नेतृत्व में एक टीम घोटाले की जांच में जुटी हुई जिसके संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर इलैयाराजा टी ने बताया कि ट्रेजरी का अकाउंटेंट मिलाप चौहान 2015 से यहां कलेक्टर कार्यालय ट्रेजरी में पर पदस्थ था तब से लेकर आज दिनांक तक की जांच चल रही है जो जांच अब तक हुई उसमें एक करोड़ से बढ़कर घोटाला तीन करोड़ तक पहुंच गया है जिसमें मिलाप चौहान के द्वारा अपनी पत्नी रिश्तेदार दोस्त सगे संबंधी सभी के अकाउंट में पैसा ट्रांसफर किया गया है जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है घोटाले का खुलासा हो रहा है कोरोना कॉल में ट्रांजैक्शन किए गए हैं यह घोटाले का आंकड़ा और भी बड़े रूप में सामने आने के साथ ही मिलाप चौहान के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी की मिलीभगत भी सामने आने की संभावना है जांच का विषय बना हुआ है इसी के साथ बता दें मिलाप चौहान द्वारा कितनी संपत्ति खरीदी गई है तो वहीं दूसरी और वह कितनी बार इंदौर सहित देश से बाहर गया है इस संबंध में भी जांच की जा रही है ताकि उसके द्वारा किया गया घोटाले की कुल राशि के आकलन के साथ ही कहां-कहां पर संपत्ति खर्च कर इन संपत्ति को खरीदा गया है यह भी पता लगाया जा सके।


## संपादकीय

जनप्रकाशन



मनोज चौबे
प्रधान संपादक

# नए वायरस ने बढ़ाई चिंता



लोगों के मन से कोरोना का भय अभी पूरी तरह गया भी नहीं था कि एक नए वायरस इन्फ्लूएंजा कहर बरपा रहा है। लोग एचएन इन्फ्लूएंजा वायरस से तेजी से संक्रमित हो रहे हैं। यह फ्लू बच्चे, जवान,बूढ़े हर किसी को प्रभावित कर रहा है। लोग बुखार, खांसी, कफ से परेशान हो रहे हैं। अपने देश में सामान्यतः फ्लू का मौसम नवंबर से फरवरी तथा जून से सितंबर के बीच साल में दो बार रहता है। पिछले दो वर्षों में कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते फ्लू के मामलों पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया था, किंतु इस वर्ष फरवरी के महीने से ही गले के रोगों और मौसमी बुखार के मामले बढ़ने लगे हैं। मार्च के मध्य में तापमान के बढ़ने के बावजूद भी इन्फ्लूएंजा संक्रमण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एच3एन2 इन्फ्लुएंजा के बढ़ते प्रभाव के कारण देश में कोरोना मामलों की संख्या में भी वृद्धि होने लगी है।

क्या संक्रमण के मामले फिर से तेजी से बढ़ रहे हैं और क्या यह बड़े संकट का संकेत है? डॉक्टरों के मुताबिक वायरस के कारण मरीजों को खांसी बुखार, गले में तकलीफ जैसी समस्याएं सामने आ रही है इसमें भी कफ और खांसी लंबे समय तक बनी हुई है जोकि चिंता का विषय भी है।खबरों के मुताबिक इस2वायरस के कारण मरीज की मौत की भी पुस्टि हुई है। इन मौसमी बीमारियों की वजह से लोग कोविड की भी जांच करा रहे हैं , खबरों के मुताबिक दिल्ली के लोक नायक अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने कहा क फ़्लू और कोविड दोनों में समान लक्षण हैं जो कोविड के लिए किए गए परीक्षणों में दिखाई दे रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इस इनफ्लूएंजा वायरस के लक्षण भी शुरूआत में आम वायरल इंफेक्शन की तरह ही नजर आते हैं। इस वायरस से भी बुखार, सर्दी, जुकाम, नाक बंद जैसी तकलीफें होती हैं। कुछ मामलों में लक्षण ज्यादा गंभीर नजर आते हैं और साथ में ज्यादा तेज बुखार, मसल पेन, पेट दर्द, उल्टी और ऑक्सीजन लेवल भी कम हो सकता है। यह वायरस भी आम वायरस की तरह आसानी से फैलता है। पीड़ित व्यक्ति की सांस से छींक, खांसी या उसकी छुई कोई वस्तु को पकड़ने से ये वायरस फैलता है। संक्रमित व्यक्ति के किसी भी तरह संपर्क में आने पर स्वस्थ व्यक्ति इस वायरस का शिकार हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचना है तो हमें कोरोना जैसी सावधानी फिर बरतनी होगी।

# इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे : खुशहाल देशों की लिस्ट में भारत 125वें पायदान पर

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे पर हैप्पीनेस रिपोर्ट जारी किया गया है। सालाना हैप्पीनेस रिपोर्ट में एक बार फिर फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश माना गया है। 137 देशों की एनुअल हैप्पीनेस रिपोर्ट में भारत 125वें पायदान पर है। भारत के पड़ोसी देशों की स्थितियां खुशहाल देशों की लिस्ट में बेहतर है। हालांकि, सबसे खराब हालत अफगानिस्तान का है। वह सबसे निचले पायदान यानी 137वें नंबर पर है।

### युद्ध में फंसे यूक्रेन और रूस की स्थिति भी बेहतर

रूस-यूक्रेन पिछले एक साल से युद्ध की स्थिति में हैं। लेकिन इन सबके बावजूद रूस को वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स में 70वें पोजिशन पर रखा गया है। यूक्रेन भी 92वें पोजिशन पर है।

### भारत के पड़ोसी देशों की स्थितियां बेहतर

वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत का पोजिशन 125वां है। जबकि



पाकिस्तान इस लिस्ट में 108वें नंबर पर है। बांग्लादेश की स्थिति पाकिस्तान से भी बेहतर है। बांग्लादेश 102वें पोजिशन पर है। सबसे बेहतर तो एशियाई देशों में म्यांमार, नेपाल, चीन की स्थिति है। एनुअल हैप्पीनेस रिपोर्ट के अनुसार, म्यांमार 72वें, नेपाल 78वें, और चीन 64वें पोजिशन पर है। यानी ये सभी भारत से बेहतर पोजिशन पर रखे गए हैं। रिपोर्ट में फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश बताया गया है। उसे लगातार छठवीं बार पहला स्थान मिला है।

### सबसे दुःखी देश अफगानिस्तान...

वर्ल्ड हैप्पीनेस की एनुअल रिपोर्ट में सबसे दुःखी देश अफगानिस्तान है। लिस्ट में अंतिम पायदान पर अफगानिस्तान है। सबसे अंतिम 137वें स्थान पर अफगानिस्तान को रखा है जिसे सबसे दुःखी लोगों का देश माना गया है। बेहद कम खुश लोगों वाले देश में लेबनान, जिम्बॉब्वे, दे डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो सहित कई देश हैं। सबसे निचले पायदान रखे गए देशों में सबसे अधिक भ्रष्टाचार, अभाव सहित कई दिक्कतों का लोग सामना कर रहे हैं।

### किसने जारी किया है यह रिपोर्ट

वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट को यूनाइटेड नेशन्स सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्युशंस नेटवर्क ने रिलीज किया है। यह रिपोर्ट 150 से अधिक देशों के लोगों पर किए गए ग्लोबल सर्वे डेटा के आधार पर जारी की गई है। इसमें जीडीपी, पर कैपिटा इनकम, सोशल सपोर्ट, जीवन प्रत्याशा, आजादी, भ्रष्टाचार और उदारता इशूज को शामिल कर डेटा कलेक्ट किया गया है।

**साभार**

# नवरात्रि; सही तरीके से व्रत करना जरूरी, कई परेशानियों से मिलेगी राहत



**हैल्थ/ नई दिल्ली**

चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो चुकी है। कई लोग माता की आराधना के लिए आज से 9 दिनों का व्रत रखेंगे। ऐसे में ये जानना जरूरी है कि 9 दिनों तक फास्टिंग को कैसे मेंटेन करें और डाइट में ऐसी कौन-कौन सी चीजें शामिल करें, जिससे आपको कमजोरी भी ना आए और हेल्थ पर बुरा प्रभाव भी ना पड़े। हेल्थ एक्सपट्र्स की मानें तो फास्टिंग हमारे शरीर के लिए अच्छी होती है। ये हमारे शरीर में ग्रोथ हॉर्मोन्स का प्रोडक्शन को बढ़ाती है, जिससे शरीर में फैट बर्न होने का प्रोसेस तेज होता जाता है। फास्टिंग से डाइजेस्टिव सिस्टम को आराम मिलता है और मेटाबॉलिज्म रेट बढ़ता है। इसके लिए हमें फास्टिंग के प्रोसेस समझना और इन दिनों में क्या खाना चाहिए इसकी जानकारी होनी चाहिए।

### जॉइंट पेन, आर्थराइटिस और थायराइड से मिलेगा छुटकारा

ग्रोथ हॉर्मोन्स बढ़ने के कारण शरीर में इंफ्लामेशन रिड्यूस हो जाता है, जिसके कारण जोड़ों के बीच की सूजन भी कम होने लगती है और इससे जॉइंट पेन और आर्थराइटिस की शिकायत धीरे-धीरे कम होने लगती है। इसके अलावा व्रत से एंटी एजिंग प्रोसेस भी स्लो डाउन हो जाती है, जिससे उम्र बढ़ने के कारण शरीर में होने वाले बदलाव कम होते जाते हैं। व्रत रखने से इंफ्लेमेटरी और ऑटो इम्यून हेल्थ प्रॉब्लम्स जैसे कि आर्थराइटिस और थायराइड जैसी बीमारियों में भी आराम मिलता है।

### बॉडी होगी डिटॉक्स, गट हेल्थ और डाइजेशन प्रोसेस बेहतर

लगातार 9 से 10 दिन फास्टिंग करने से बॉडी डिटॉक्स होती है। इससे शरीर में जमे डैमेज्ड प्रोटीन शरीर से बाहर निकल जाते हैं और नए प्रोटीन बनते हैं। इसके अलावा लिवर के अंदर स्टोर ग्लाइकोजिन कम होने लगते हैं। फास्टिंग से गट हेल्थ और डाइजेशन प्रोसेस भी बेहतर होता है। इसके अलावा लिवर में मौजूद टॉक्सिन्स भी रिलीज होने लगते हैं।

### कुछ घंटों के अंतराल में खाएं

व्रत रख रहे हैं तो कोशिश करें कि इंटरमिटेंट फास्टिंग के प्रोसेस से फलाहार करें। धार्मिक ग्रंथों में भी एक दिन से अधिक समय तक व्रत करने के लिए कोई निर्धारित नियम नहीं बताया गया है। इसका मतलब ये हैं कि दिन में दो बार जरूर खाएं। ध्यान रहे कि खाने के बीच में 7 से 8 घंटे का अंतर हो। आप चाहें इस बीच पानी या फिर जरूरत पड़ने जूस पी सकते हैं। वहीं अगर आपको डायबिटीज है तो फास्टिंग बिल्कुल भी ना करें। इस दौरान शरीर में ब्लड शुगर का लेवल कम हो जाता है, जो आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

### व्रत में कैसी हो आपकी डाइट

व्रत के दौरान अपनी डाइट में हाई कार्बोहाइड्रेट डाइट जैसे आलू, साबूदाना, शकरकंद शामिल करें। साबूदाने की खीर या खिचड़ी खाएं। वहीं शकरकंद को उबालकर या इसका हलवा बनाकर भी खा सकते हैं। ड्राई फ्रूट्स लें, इससे एनर्जी मिलेगी और कमजोरी नहीं महसूस होगी। ब्रेकफास्ट में स्किम्ड मिल्क के साथ फल खाएं। इसके अलावा दूध के साथ भीगे बादाम भी खा सकते हैं। इसके अलावा अनानास, संतरे, अनार का जूस पिएं। शरीर में पोषक तत्व की जरूरतों को पूरा करने के लिए केला, अंगूर, अनार, संतरा जैसे फल खाएं। इसके अलावा वो फल जिसमें पानी की मात्रा अधिक पाई जाती है, जैसे कि तरबूज, खीरा, अनानास को महत्व दें। व्रत में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है दौरान रोजाना नारियल पानी जरूर पिएं। **साभार**

## राजस्व वसूली अभियान

# बकायेदारों के नाम का सार्वजनिक प्रदर्शन




### संपत्ति जब्ती कुर्की के साथ संपत्ति सील करने की कार्रवाई शुरू

### वक्फ बोर्ड की 14 दुकाने, शराब व्यवसायी की संपति सील







इंदौर/ जन प्रकाशन

**मनीष शर्मा।** नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली में सख्ती करते हुए अब बकायेदारों की संपत्ति कुर्क और सील करने की कार्रवाई के साथ ही बकायेदारों के नाम सार्वजनिक रूप से बैनर पोस्टर के जरिए चौराहों पर चस्पा किए जा रहे हैं। निगम से मिली जानकारी के अनुसार आयुक्त प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार शहर के ऐसे बकाया दार जिनके द्वारा संपत्ति कर एवं अन्य करो कि बकाया राशि का बार-बार नोटिस जारी करने के पश्चात भी बकाया राशि का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है, ऐसे बकायेदारों का नाम सार्वजनिक करने के साथ ही संबंधित बकायेदारों के घर एवं क्षेत्र के आसपास निगम राजस्व वसूली अभियान के तहत बकायादारों के नाम का अलाउंस मेंट किया जा रहा है।

आयुक्त के निर्देश के क्रम में अपर आयुक्त अभिषेक गेहलोत व उपायुक्त लता अग्रवाल के निर्देशन में गत दिवस शहर के समस्त झोन क्षेत्र में सहायक राजस्व अधिकारी व बिल कलेक्टर द्वारा राजस्व वसुली अभियान के तहत कार्यवाही की गई, जिसके तहत सहायक राजस्व अधिकारी प्रतिक भिंडोरिया एव राजस्व टीम द्वारा झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 मे स्थित वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति पिन क्र. 1001111521 सम्पत्तिकरदाता शांति बाई इलियास बि पता 14/1 उषा गंज इन्दौर पर 14502487 रुपये राशि बकाया होने से वक्फ बोर्ड की 14 दुकाने जिनमें किराना, जनरल स्टोर, गैरेज, बेकरी व अन्य दुकाने संचालित की जा रही थी को सील करने की कार्यवाही की गई।

इसके साथ ही सहायक राजस्व अधिकारी झोन 7 द्वारा इन्दौर विकास प्रधिकरण की योजन क्र. 78 पार्ट 2 एवम योजना क्रमांक 114 पार्ट 1 नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्र. 7 के वार्ड क्र. 32 -34 में स्थित निम्नलिखित भूखण्ड धारको के भूखण्डो के सम्पत्तिकर की देयक बकाया राशि होने से नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 173,174 एवं 175 के अन्तर्गत उक्त राशि की वसूली हेतु प्लाटों की जप्ति कुर्की की जाकर देयक राशि वसूल की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही राजस्व वसुली अभियान के तहत सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 19 व राजस्व टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 76 के अंतर्गत शराब व्यवसायी जसप्रीत सिंह भाटिया की सतगुरू प्राईस 11 भिचौली मर्दाना स्थित संपति पर बकाया राशि होने से उक्त संपति में स्थित प्रकोष्ठ पर जप्ती/कुर्की की कार्यवाही करते हुए, सील करने की कार्यवाही की गई। साथ ही वार्ड क्रमांक 50 के अंतर्गत फारूख पिता सरदार पटेल, निवासी गणेश धाम कालोनी स्थित संपति पर बकाया होने से सपति कुर्क करने की कार्यवाही की गई। झोन क्रमांक 8 वार्ड 35 अंतर्गत ग्राम शक्करखेड़ी संपत्ति कर खाता क्रमांक 1003886385 का संपत्ति कर बकाया वसूली की कार्यवाही के दौरान उपायुक्त के द्वारा दिए गए आदेशानुसार अवैधानिक रूप से संचालित चल रहा ईट भट्ठा को निगम की राजस्व विभाग एवं रिमूवल विभाग की संयुक्त कार्यवाही में तत्काल बंद नहीं होने की पर वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

## भाजपा की बूथ विस्तारक योजना-2

# ग्रामीण मंडलों में हर दिन 10 घण्टे रहेंगे पदाधिकारी

इंदौर/ जन प्रकाशन

भाजपा द्वारा चुनाव के मद्देनजर शुरू की गई। बूथ विस्तारक योजना-2 पर तेजी से काम से काम चल रहा है। योजना को प्रभावी बनाने के लिए इंदौर जिले के ग्रामीण मंडलों में ग्रामीण पदाधिकारी पहुचेगी और बूथों पर विस्तारकों के साथ पन्ना प्रमुख और समितियों का करेगें सत्यापन।

भाजपा ने चुनाव के मद्देनजर कमर कस ली है। बूथों पर मजबूर पकड़ बनाने के लिए भाजपा द्वारा प्रदेश भर में बूथ विस्तार योजना-2 पर तेजी काम किया जा रहा है। 14 मार्च से शुरू हुई यह योजना 24 मार्च तक चलेगी। इंदौर जिले के ग्रामीण इलाकों में विस्तारक योजना पर तेजी से काम चल रहा है। योजना को प्रभावी बनाने के लिए ग्रामीण पदाधिकारियों को मंडलों में भेजा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेश सोनकर और बूथ प्रबंधन प्रभारी रामविलास पटेल ने बताया कि भाजपा जिला इंदौर ग्रामीण द्वारा बूथ विस्तारक योजना 2.0 के अंतर्गत मंडलों में प्रवासी कार्यकर्ता भेजे जा रहे है। इसके लिए जिला पदाधिकारियों को जवाबदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च से 24 मार्च तक चलने वाली बूथ विस्तारक योजना 2.0 के अंतिम चरण में जिला पदाधिकारियों को 15 मंडलों में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में बूथ विस्तारकों के साथ समितियों के सत्यापन के लिए भेजा जा रहा है। प्रवासी कार्यकर्ता 24 मार्च तक प्रतिदिन 10 घंटे बूथ विस्तारक योजना 2.0 में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में बूथों पर रहेंगे। 15 मंडलों के लिए पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी सौपी गई है।




- सांवेर मंडल - दिलीप चौधरी
- पालिया मंडल - अंतर दयाल
- शिप्रा मंडल - सुरेशसिंह धनखेड़ी
- खुड़ेल मंडल - माखन गोखले
- कोदरिया मंडल - सुनील तिवारी
- के जी माहेश्वरी महू मंडल - मनोजसिंह ठाकुर
- सिमरोल मंडल - विनोद जाट
- महूगांव मंडल - किरण सूर्यवंशी
- मानपुर मंडल - जय कोहली
- देपालपुर मंडल - निलेश उपाध्याय
- गौतमपुरा मंडल - लक्ष्मीनारायण चांगल
- बेटमा मंडल - चिंटू वर्मा
- हातोद मंडल - घनश्याम नारोलिया
- राऊ मंडल - श्रवणसिंह चावड़ा
- कैलाश पाटीदार ओर राऊ मंडल का दायित्व रामस्वरूप गेहलोत को दिया गया है।

## मेरा वार्ड मेरा परिवार...

# बगैर पार्षदी के पार्षद बब्बू (विनोद) यादव

इंदौर/ जन प्रकाशन

**मनीष शर्मा।** जनसेवा का कार्य करने के लिए पद की कोई महत्वता नहीं होती, निस्वार्थ सेवा करने वाला किसी भी रूप में इसे करना चाहे तो जरूरी नहीं कि उसके पास कोई पद हो ।जिनका उद्देश्य मात्र पद प्राप्त करना हो उसे पद मिल भी जाए तो वह जनसेवा से विरक्त ही रहता है। राजनीति की बात करें तो इसमें पहुंचने का सबसे सुगम और सरल रास्ता जनसेवा का ही होता है मगर इसमें सत्ता हाथ में आते ही या पद मिलते ही जनता का सेवक जनता को ही भुला देता है? लेकिन इसमें कई ऐसे नेता भी है जिन्हें जीत हार से कोई फर्क नहीं पड़ता और जन सेवा में निरंतर लगे रहते हैं ।फिर चाहे वह पद पर हो या ना हो।

वहीं अगर हम नेताओं की बात करें तो वो भी चुनाव जीतने से पहले जनसेवक बनने का दावा करते है लेकिन चुनाव जीतने के बाद जनता के प्रतिनिधि नहीं बल्कि खुद को उनका मालिक समझना शुरू कर देतें है। लेकिन सारे नेता एक जैसे नही होते कुछ सादगी, ईमानदारी और जनसेवा की मिसाल पेश कर इन्हें आईना भी दिखाते है। इसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के वार्ड 27 से पार्षद का चुनाव हार चुके बब्बू यादव हैं, ये एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने हार के बाद भी अपनी हार नहीं मानी और जिजान से जनता की सेवा में जुटे हुए हैं। कहने के लिए तो यहा से मुन्नालाल यादव पार्षद है,लेकिन यह के लोग अब भी क्षेत्र की समस्या के लिए बब्बू को ही फोन लगा रहे हैं। प्रदेश में जितनी भी सरकारी योजनाएं गरीबो के लिए संचालित हो रही है जनता के घर-घर जाकर उसके फायदे की बात क्षेत्रीय लोगों को बब्बू यादव ही बता रहे हैं लोगों को ऑफिस/शिविर में आने का न्यौता दे रहे हैं ।

बब्बू यादव ने जनसेवा को ही अपना सबकुछ मान लिया है और गत 10 सालों से दिन-रात अपने क्षेत्र की जनता को अपना परिवार मानकर जी जान से उनकी सेवा में जुटे हुए हैं युवा समाजसेवी, नेता बब्बू यादव इन्होंने जनता की सेवा के लिए अपने घर के दरवाजे हमेशा खुले रखे हैं क्षेत्र की किसी भी समस्या के लिए बस एक संदेश उन तक पहुंचाना होता है इसके बाद यह उनकी अपनी व्यक्तिगत समस्या बन जाती है और वह इसके समाधान में लग जाते हैं पिछले 10 सालों से क्षेत्र में निशुल्क टैंकर से जल वितरण कर लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने का कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं वही महिलाओं की पेंशन, राशन कार्ड, क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट, गंदगी,ड्रेनेज की समस्याओ का निराकरण सहित कई योजनाओं से क्षेत्र की जनता को रूबरू करवा कर उनसे जोड़ा जा रहा है जानकारी के अनुसार हजारों महिलाओं को पेंशन चालू करवा कर उनकी समस्याओं के निराकरण के साथ ही गरीबों को अनाज मिल सके इसके लिए निशुल्क राशन कार्ड बनवाने के साथ ही अब शिवराज की लाडली बहना योजना के लिए भी दिन-रात कार्य करते हुएवार्ड की बहनों के ईकेवाईसी और अन्य दस्तावेज तैयार करवाने के लिए क्षेत्र में लगातार शिविर लगाकर उनकी समस्याओं का समाधान करवा रहे हैं पार्टी से ऊपर उठकर जो जनसेवा का जज्बा बब्बू यादव में देखने को मिलता है संभवत ऐसा जज्बा मुश्किल से ही किसी में देखने को मिलता है ।



# इंदौर में स्टार्टअप पार्क तेजी से लेगा आकार



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

**जितेंद्र माथुर, सिटी रिपोर्टर।** इंदौर शहर को जल्द ही स्टार्टअप पार्क की सौगात मिलेगी। आईडीए द्वारा 450 करोड़ रुपये खर्च कर सुपर कॉरिडोर पर इसका निर्माण किया जाएगा। इसके बनने से न केवल शहर के विकास को रफ्तार मिलेगी बल्कि 20 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इंदौर की प्रतिष्ठा के अनुरूप पार्क को बनाने की योजना है। इसको लेकर महत्वपूर्ण बैठक भी हुई जिसमें पार्क की रूप रेखा पर हुआ विचार विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा इंदौर में स्टार्टअप पार्क बनाने की घोषणा को साकार करने के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण ने कमर कस ली है। तेजी से हर क्षेत्र में तरक्की कर रहे इंदौर शहर को स्टार्टअप पार्क की सौगात मिल सके इस दिशा में तेजी से काम शुरू हो गया है। आईडीए द्वारा सुपर कॉरिडोर पर पार्क का निर्माण किया जाएगा। करीब 21 एकड़ में यह पार्क बनना प्रस्तावित है। इस पर 450 करोड़ रुपये खर्च करने का आकलन किया गया है। प्रोजेक्ट तीन चरणों में आकार लेगा। पहले चरण में स्टार्टअप आईटी पार्क, दूसरे चरण में आईटी भवन व मॉल ओर तीसरे चरण में कन्वेंशन सेन्टर ओर 7 व 5 स्टार होटल का निर्माण किया जाएगा। 9 मंजिला कार पार्किंग रहेगा। पार्क से मैट्रो रेल स्टेशन तक सीधा आना जाना रहे इसका खास ध्यान रखा जाएगा। योजना यह है कि इंदौर में ऐसा स्टार्टअप पार्क बने जिसकी गिनती देश के चुनिंदा पार्क में हो।




स्टार्टअप पार्क के निर्माण के लिए आईडीए ने मलेशिया की कंपनी वेरिटास को इंदौर की मेहता एसोसिएट के साथ कंसलटेंट नियुक्त किया है। निर्माण की योजना पर विस्तार से चर्चा करने और पार्क का स्वरूप कैसा हो इस पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को आईडीए द्वारा बैठक बुलाई गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के अलावा आईटी पार्क सहित शहर में अन्य स्थानों पर स्टार्टअप संचालित कर युवाओं ने भाग लिया। बैठक में पीएमसी प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंपनी के प्रतिनिधि ने स्टार्टअप पार्क के निर्माण को लेकर अपनी कार्ययोजना का प्रेजेन्टेशन दिया। युवाओं ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में यह अहम सुझाव आए कि प्रस्तावित स्टार्टअप पार्क को छोटे व मध्यम स्तर के स्टार्टअप एवं बड़ी कम्पनियों को ध्यान में रख कर बनाया जाए ओर इसमें स्थानीय लोगों का विशेष ध्यान रखा जाए।

## पार्क नए इंदौर की तस्वीर है- महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्टार्टअप पार्क नए इंदौर की तस्वीर है। पार्क इंदौर को देश में नम्बर वन बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। महापौर ने कहा कि पार्क बनने से इंदौर के युवाओं को बेहतर अवसर मिलगें वही शहर के विकास को ओर गति मिलेगी।

## आईडीए बधाई के पात्र - कलेक्टर

कलेक्टर इलैयाराजा टी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार आईडीए पार्क के बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। इसके लिए आईडीए बधाई के पात्र है। कलेक्टर ने आगे कहा कि इंदौर में बनने वाला पार्क बेहतर और समय सीमा में बने।

## इंदौर की प्रतिष्ठा के अनुरूप बनेगा पार्क- आईडीए अध्यक्ष

इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपालसिंह चावडा ने हिंदुस्तान मेल को बताया कि इंदौर में बनने वाला स्टार्टअप पार्क इंदौर की प्रतिष्ठा के अनुरूप बनेगा। उन्होंने कहा कि पार्क का निर्माण तीन साल में पूरा किया जाएगा। पार्क बनने से जहाँ शहर का विकास होगा बल्कि 20 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार भी मिलेगा। पार्क में स्थानीय लोगों को बेहतर अवसर प्रदान किए जाएंगे।

## पार्क इंदौर के लिए बडी सौगात रहेगी- सीईओ

आईडी एसीईओ आरपी अहिरवार ने बताया कि पार्क का निर्माण तीन चरणों में किया जाएगा। पार्क इंदौर के लिए बड़ी सौगात रहेगी। पार्क का सालों तक बेहतर उपयोग हो इसको ध्यान में रखते हुए प्लांनिग की जा रही है।

## आधुनिक तकनीक से बनेगा पार्क- मेहता

मेहता एसोसिएटस के कंसलटेंट हितेन्द्र मेहता ने बताया कि पार्क आधुनिक तकनीक से बनाया जाएगा। पार्क सौर ऊर्जा से चलेगा।

बैठक में प्राधिकरण उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला, विधायक महेंद्र हार्डिया, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, पूर्व आईडीए अध्यक्ष मधु वर्मा, निशांत खरे जी, एमआईसी सदस्य, निरंजन सिंह चौहान, बबलू शर्मा और अश्विनी शुक्ल सहित शहर के स्टार्टअप प्रतिनिधि मौजूद थे।

---

**एमआईसी बैठक**

# चौराहों के नामकरण के प्रस्तावों को हरि झंडी



- खजराना ओवरब्रिज को मिलेगी गति, बाधा दूर होगी
- खुले में मांस बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

**जितेंद्र माथुर, सिटी रिपोर्टर।** एमआईसी की बैठक में खास प्रस्ताव नहीं आए। चौराहों के नामकरण सहित अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। साथ ही खजराना चौराहा फ्लाईओवर में बाधा बनी पानी की पाइप लाइन को शिफ्ट करने का भी निर्णय लिया गया। खुले में मांस बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन कौंसिल की बैठक में विकास से जुड़े खास प्रस्ताव नहीं आए। बैठक में खजराना चौराहे पर निर्माणधीन फ्लाई ओवरब्रिज के मामले में अहम निर्णय लिया गया। अलाईमेंट में आ रही वॉटर सप्लाय लाईन को शिफ्ट करने की स्वीकृति दी गई। लाइन शिफ्ट होने के बाद बड़ी बाधा दूर हो जाएगी और ब्रिज के निर्माण को रफ्तार मिलेगी। सिक्स लेन ब्रिज का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। इसी के साथ ही बैठक में बीएसएफ चौराहे के नाम से चौराहे का नामकरण करने के लिए नये स्थान का चयन करने की स्वीकृति दी गई।इसी प्रकार, कृषि महाविद्यालय इंदौर के सामने वाले चौराहे का नामकरण कृषि वैज्ञानिक स्व. डॉ. सुभाष चंद्र जी व्यास किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही निगम द्वारा शहर के जिन-जिन चौराहो के नामकरण की स्वीकृति प्रदान कि गई है। उन चौराहो पर नामकरण के बोर्ड लगाने के भी संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये गये। इसके साथ ही खुले में मांस बिक्री के संबंध में अधिकारियो को निर्देश दिये गये कि सुनिश्चित करे की मांस का विक्रय खुले में नही हो। बैठक में गर्मी के मद्देनजर पानी की समस्या पर चर्चा की गई। निगमायुक्त प्रतिभा पाल सहित एमआईसी मेम्बर मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किए बाबा महाकाल के दर्शन

- नंदीहाल में शिव आराधना में हुए लीन,संध्या आरती में शामिल होकर गर्भग्रह की चौखट पर टेका मत्था।
- महाकाल लोक में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर महाकाल मंदिर विस्तारीकरण के द्वितीय चरणों के कार्यों का किया अवलोकन।

उज्जैन/जन प्रकाशन





**अमृत बैंडवाल, सिटी रिपोर्टर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार शाम को उज्जैन पहुंचे। वे सबसे पहले नागझिरी हेलीपैड पहुंचे जहां सांसद अनिल फिरोजिया व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने अगवानी की। मुख्यमंत्री हेलीपैड से सीधे महाकाल लोक पहुंचे। यहां प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक ली और महाकाल मंदिर विस्तारीकरण के द्वितीय चरण के कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद मुख्यमंत्री सीधे महाकाल मंदिर पहुंचे जहां संध्या आरती में शामिल हुए। यहां नंदीहाल में बैठकर उन्होंने शिव आराधना की। मुख्यमंत्री 20 मिनट से अधिक समय तक शिव भक्ति में लीन दिखाई दिए। संध्या आरती के समापन के बाद वे गर्भग्रह की चौखट पर पहुंचे जहां उन्होंने मत्था टेका । मुख्यमंत्री ने महाकाल मंदिर परिसर में द्वितीय चरण के चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार शुक्ल व मंदिर प्रशासक संदीप सोनी मौजूद रहे। दरअसल आज से चेत्र नवरात्रि की शुरुआत हुई है इसलिए मुख्यमंत्री महाकाल से सीधे शक्ति पीठ हरसिद्धि माता मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने माता हरसिद्धि के दर पर मत्था टेका। खास बात तो यह रही कि वह शक्तिपीठ माता हरसिद्धि मंदिर की संध्या आरती में भी शामिल हुए।

मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल मंदिर के द्वितीय चरण के अधिकांश कार्य समय पर चल रहे हैं जो कि 30 जून तक पूरे होंगे । कुछ काम जुलाई तक हो जाएंगे । महाकाल मंदिर के द्वितीय चरण के काम पूर्ण होने पर भव्यता और बढ़ेगी। पूरे देश दुनिया में महाकाल महा लोक की चर्चा है। भक्तों की बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए सुविधा के लिए भक्त निवास परिसर बनाया जा रहा है। जो कि काफी सस्ता और सुलभ होगा।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मां हरसिद्धि के दर्शन किए



उज्जैन प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को उज्जैन प्रवास के दौरान चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा पर शक्तिपीठ मां हरसिद्धि के मंदिर पहुंचकर मां हरसिद्धि के दर्शन किए तथा पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक बहादुर सिंह चौहान, विवेक जोशी, बहादुर सिंह बोरमुंडला, ओम जैन, अनिल जैन कालूहेड़ा, जगदीश अग्रवाल, विशाल राजोरिया एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# 25 मार्च को इंदौर के पित्रेश्वर धाम पर आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर 51 हजार हनुमान चालिसा का कराएंगे लोगों को पाठ





इंदौर/ जन प्रकाशन

इंदौर पित्रेश्वर हनुमान धाम पर 51 हजार भक्तों द्वारा एक साथ श्री हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा जिसमें श्री श्री रविशंकर की मौजूदगी में आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय महापौर पुष्यमित्र भार्गव व समिति के सदस्यों द्वारा पित्रेश्वर हनुमान धाम पर आयोजित पत्रकार वार्ता में इस्लाम भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आगामी 25मार्च को शाम को 5:00 बजे इंदौर के प्रसिद्ध पित्रेश्वर धाम पर 51000 भक्तों द्वारा श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा जिसमें देश के संत श्री श्री रविशंकर आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक तीन दिवसीय इंदौर आ रहे हैं,जो 3 दिन अलग-अलग स्थानों पर उनके कार्यक्रम होंगे पहला कार्यक्रम पित्र पर्वत पर होगा जहां 51000 लोग एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे और उसके बाद यहां पर श्री श्री रविशंकर जी का प्रवचन भी होगा। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह एक अद्भुत कार्यक्रम होगा क्योंकि हनुमान की प्रतिमा स्थापित है और यहां सभी मानते हैं कि यहां स्वयं हनुमान जी बैठे हुए हैं उनके सामने महान संतों की उपस्थिति में मां कनकेश्वरी देवी, श्री विद्या धाम के महामंडलेश्वर चिन्मयानंद महाराज, राम गोपाल दास महाराज सहित अन्य संतों की टीम रहेगी उसके बीच में आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यकर्ता और शहर के सभी लोग यहां भाग लेने आएंगे।

वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि युवाओं में लगातार नशा का शिकार हो रहे हैं इसको लगातार भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय नशे को लेकर काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि लोगों को ऐसा नशा होना चाहिए जो कभी उतरे ना जैसे हमें है भक्ति और राजनीतिक का नशा, परम सौभाग्यशाली है कि हमें माता-पिता से शुरुआत में अच्छे संस्कार मिले हैं उन्होंने कहा कि जब से इंदौर में पित्र पर्वत पर पित्रेश्वर धाम बना है तब से इंदौर में विकास की गंगा बहती है और वही है लेकर हनुमान चालीसा एक ऐसा पाठ है जो बचपन से माता पिता से सीखा है और एक ही बात कही कि डरना नहीं और जब डर लगे तो हनुमान चालीसा पढ़ना तो कई बार हम अंधेरे में जाते हैं या पेड़ के नीचे से जाते हैं तो हम हनुमान चालीसा पढ़ते हुए निकलते हैं कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि वास्तव में जो प्रार्थना करता है उसके सारे संकट हनुमान जी हर लेते हैं, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कहा नशे को लेकर यदि काम करूंगा तो उसको स्टडी जरूर करना पड़ेगी उन्होंने कहा कि नशे करने वाले व्यक्ति के ऊपर की खोपड़ी काम करना बंद कर देती है साथ ही सोचने समझने की शक्ति भी खत्म हो जाती है ,कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह विश्व में मैंने देखा है कि जो देश किसी को खत्म करना चाहता है तो वह यही करते हैं कि वहां नशा पहुंचाए और उस देश की जवानी को खत्म किया जाएउन्होंने कहा कि जिस देश की जवानी यदि खत्म होगी वह देश किसी भी हालत में बच नहीं सकता,कई षड्यंत्र इस प्रकार का हो रहा है और इसमें पंजाब में नशा बड़ा है जिसमें विदेशी ताकतों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है ।

सोमवार को विधर्मियों द्वारा हुए हमले के बाद घायल हुए एडवोकेट को लेकर वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय एडवोकेट मनीष गडकर पर हुए हमले को लेकर कहा कि वकील अजान के खिलाफ मुहिम चला रहे थे उनके ऊपर हमला हुआ है जो एवं अस्पताल में उपचार रहे थे जिन पर 3 लोगों ने हमला किया था जिस पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यदि इस तरह की घटना हुई है तो ऐसी ताकतों को बर्दाशत नहीं करेंगे और उससे कुचल कर रख देंगे आपको बता दें इसके पूर्व में भी सर तन से जुदा एक वकील को धमकी दी गई थी जहां हिंदुओं के पक्ष में पैरवी करने पर कुछ मुस्लिम युवकों ने रास्ता रोककर वकील को धमकी दी थी जिस पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सहेंगे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और हम भी अभी सक्षम है और इस मामले में बिल्कुल हम लोग दृढ़ निश्चय के इंदौर में इस प्रकार की आ ताकतों को पनाह देने वालों इंदौर में पनाह नही मिलेगी।

खालिस्तान समर्थकों ने लंदन में भारतीय हाई कमीशन में भारतीय झंडे को नीचे उतारने की कोशिश की इस घटना के विरोध में सिख समाज द्वारा विरोध किया गया है सिख समुदाय के लोगों ने कहा कि इस देश का सिख समाज भी हिस्सा है और भारतीय झंडे का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा लंदन में हुए तिरंगा मामले की घटना को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस पूरे मामले पर में सिख समाज की तारीफ करूंगा कि वह मामले की निंदा की है जिन लोगों ने तिरंगा उतारा है और मुझे लगता है सिख समाज द्वारा इसका विरोध सही किया गया था भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर इंदौर के कुछ सिख समाज के लोग एकत्रित होकर इंदौर मर एक कार्यक्रम भी करेंगे जो कि अच्छी बात है कि सिख समाज द्वारा अपने राष्ट्रीय ध्वज को लेकर प्रदशर्न किया है, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने सिख समाज के काम की प्रशंसा की।

# अब चेकिंग प्वाइंट पर भी पकड़े जाएंगे अपराधी

## अंगूठा लगाते ही सभी रिकॉर्ड आएंगे सामने

## सम्भवतः देश का पहला शहर जहां थानों में क्रिमिनल ट्रैकिंग बायोमैट्रिक मशीने

- अंगूठा लगाते ही दिख जाएगा क्राइम रिकॉर्ड
- इंदौर पुलिस क्रिमिनल ट्रैकिंग बायोमेट्रिक मशीन से चेक करेगी आपराधिक रिकॉर्ड
- चेकिंग प्वाइंट पर खड़े पुलिसकर्मी किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की कर सकेंगे पहचान

इंदौर/ जन प्रकाशन

**मनीष शर्मा।** इंदौर शहर में पुलिस अब बायोमैट्रिक मशीन से लैस होकर ड्यूटी करेगी ,इसमें थानों के साथ ही चेकिंग पॉइंट पर भी मशीन उपलब्ध रहेगी जिससे संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी निकालने के लिए बस उसका थंब मशीन पर लगवाना होगा और अंगूठा लगते ही उसका सारा आपराधिक रिकार्ड सामने आ जाएगा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर में कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद से ही पुलिस द्वारा अपराधियों की पहचान सुनिश्चित करने एवं उन्हें पकड़ने के लिए, नित नई तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इंदौर पुलिस के साथ मिलकर सिटीजन कॉप द्वारा एक तकनीक विकसित की गई है, जिसके उपयोग से अब इंदौर पुलिस के लिए अपराधियों को पकड़ना और उनकी पहचान करना और आसान हो गया है। सिटीजन कॉप द्वारा विकसित तकनीक में बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाते ही अपराधी के सभी रिकॉर्ड सामने आएंगे। ऐसे में पुलिसकर्मी जो अपराधी को नहीं पहचानते हैं, वे भी उसे पहचान कर पकड़ सकेंगे। चेकिंग प्वाइंट पर खड़े पुलिसकर्मी, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति का बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगवाकर उस संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर सकेंगे। संभवतः यह पूरे देश में अपनी तरह की एक नई पहल है।

वर्ष 2022 में पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र द्वारा उक्त क्रिमिनल ट्रैकिंग बायोमेट्रिक मशीन को लांच किया गया था। शुरुआत में कुछ मशीनें ट्रायल के लिए लांच की गई थी, लगभग 9 महीने तक सफलतापूर्वक ट्रायल करने के बाद अब इंदौर के सभी पुलिस थानों और क्राइम ब्रांच सहित कुल 40 क्रिमिनल ट्रैकिंग बायोमैट्रिक मशीन प्रदान की गई है। अब सड़कों पर खुलेआम घूमने वाले अपराधियों को पकड़ना बेहद आसान हो जाएगा, जल्द ही जमीन पर इसके परिणाम भी नजर आने लगेंगे।

पुलिस आयुक्त ने इस बायोमेट्रिक डिवाइस और ऐप का उपयोग अपनी नियमित पुलिस चौकियों और संदिग्ध गतिविधि वाले व्यक्तियों के साथ करने के लिए निर्देशित किया था और कहा था कि हम अपराधियों को ट्रेस करने और ट्रैक करने के लिए जहां भी संभव हो इस तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं।

सामान्य मामलों में, व्यक्ति के पिछले रिकॉर्ड का पता लगाना बहुत मुश्किल होता है, लेकिन इस टूल का उपयोग करने के बाद, यह पता लगाना बहुत आसान होगा कि उस व्यक्ति का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड हैं या वह कोई अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है या नहीं। यह निश्चित रूप से अपराध को नियंत्रित करने और शहर में




घूम रहे ऐसे अपराधियों की पहचान करने में मदद करेगा।

ऐसे रीयल टाइम रिकॉर्ड फेचिंग टूल के बिना ऐसे प्रत्येक को ढूंढना और ट्रेस करना संभव नहीं है । अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश हिंगणकर के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त निमिष अग्रवाल के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की टीम इस तरह का फिंगरप्रिंट डेटाबेस बनाने के लिए लगातार काम कर रही है और यह डेटाबेस निरंतर रूप से समय के साथ बढ़ता जा रहा है। डीसीपी अग्रवाल द्वारा उक्त तकनीक के संबंध में बताया कि हमारे पास आंतरिक कामकाज के लिए एक अलग ऐप है और सभी डेटा प्रविष्टि सुरक्षित पैनलों का उपयोग करके की गई है। जैसे-जैसे डेटा बढ़ता है, यह सभी थाना कर्मचारियों और यहां तक कि यातायात अधिकारियों को भी उल्लंघनकर्ताओं और संदिग्ध व्यक्तियों के आपराधिक इतिहास को ट्रैक करने और उनका पता लगाने में मदद करेगा। इस तकनीक से खुलेआम घूम रहे अपराधियों में दहशत पैदा होगी। अपराधी शहर में खुलेआम घूमने से डरेंगे, जिससे अपराध पर भी काफी हद तक काबू पाया जा सकेगा।

सिटीजन कॉप के संस्थापक राकेश जैन ने कहा कि इसे एक सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है और इस तरह के डेटा का उपयोग प्रतिबंधित है और इंदौर पुलिस अधिकारियों के नियंत्रण में रहेगा। केवल अधिकृत अधिकारी ही ऐसे बायोमेट्रिक उपकरणों और ऐप का उपयोग कर सकेंगे। सिटिजनकॉप ऐप का उपयोग करने वाले ऐसे अधिकृत अधिकारियों के लिए खोज की सुविधा उपलब्ध है।



इंदौर में बदमाशों के अपराधिक रिकॉर्ड तलाशने में पुलिस को सहायता मिलेगी तो वहीं दूसरी ओर थाने से लेकर सड़क पर अपराधी द्वारा फिंगरप्रिंट से लगाते ही उसके तमाम अपराध मोबाइल पर दर्शाए जाएंगे और फिर उसी अनुसार उससे जुड़े अपराधों के बारे में पूछताछ प्रारंभ हो सकेगी इससे पुलिस का समय बचने के साथ ही अपराधिक घटना को भी जल्द खुलासा किया जा सकेगा।

**हरिनारायण चारी मिश्रा, पुलिस कमिश्नर**

# चैत्र नवरात्रि की शुरुआत

## कई मंदिरों और घरों में हुई घट स्थापना





इंदौर/ जन प्रकाशन

बुधवार से देश भर में चैत्र नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो गए हैं जहां इंदौर के प्राचीन मंदिरों में देवी की आराधना शुरू हो चुकी है नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के साथ देवी दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है. मां शैलपुत्री हिमालय राज की पुत्री हैं और ये वृषभ पर सवारी करती हैं।

हिंदू पंचांग के अनुसार साल में चार नवरात्रि मनाई जाती है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि होती हैं। नवरात्रि पर मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना होती है। बुधवार से चैत्र नवरात्रि पर्व प्रारंभ हो गई है, और चैत्र नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। आपको बता दे चैत्र नवरात्रि का महापर्व देशभर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। चैत्र नवरात्र के पहले दिन इंदौर के बिजासन माता मंदिर पर जहां सुबह से ही भक्तों का ताता लगा हुआ था, मंदिर पुजारी होलकर कालीन मंदिर है और यह 1 हजार वर्ष पुराना मंदिर है मंदिर के पुजारी रतनमन गोस्वामी ने बताया है कि बिजासन माता का मंदिर मध्य प्रदेश का एकलौता ऐसा मंदिर है जहां एक साथ माँ अपने 9 अलग अलग स्वरूप में विराजमान है।

वही इस प्राचीन बिजासन मंदिर में इंदौर ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों से भी भक्त लोग अपनी मनोकामना को लेकर आते हैं खासतौर पर चैत्र नवरात्रि के पर्व पर मां के विशेष पूजा अर्चना कर घर में सुख शांति की कामना करते हैं वही भक्तों का कहना है कि वैसे तो हर त्योहारों पर वह मां बिजासन के दर्शन करने आते हैं लेकिन नवरात्रि पर मां की आराधना का विशेष महत्व होता।

# फिल्म धूम 3 के तर्ज पर चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह को पकड़ा, मोबाइल फोन की जगह वॉकी टॉकी का उपयोग करते थे



इंदौर/ जन प्रकाशन

इंदौर पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए का सामान जप्त किया गया है तो वहीं पकड़ा है बदमाशों पर करीबन 70 से अधिक चोरी के प्रकरण दर्ज हैं उनके द्वारा राजस्थान, हैदराबाद सहित मध्य प्रदेश के मुख्य शहर थे निशाने पर फिलहाल पुलिस पकड़ आए चोरों से पूछताछ में जुटी है।

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में 2022 में असिस्टेंट कमिश्नर राजीव निगम के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था जिसके बाद से ही पुलिस पूरे मामले में छानबीन में जुटी हुई थी जिसके चलते पुलिस ने भोपाल में लग्जरी फॉर्म हाउस पर रहने वाले चोर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है पकड़ाए युवकों के नाम अनुप, अभिषेक और अमित हैं, बताया जा रहा है कि चोरों द्वारा जिस तरह से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया उसके बाद सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस लगातार उनकी तलाश में लगी हुई थी उसी के बाद तीन चोरों को पकड़ा गया है जिनमें से एक चोर फरार चल रहा है। पकड़ा गया चोर मूल रूप से भोपाल के रहने वाले हैं और खुलासा हुआ है कि नागपुर पुलिस द्वारा इन्हें पहले चोरी के मामले में पकड़ा गया था, पुस्तक में खुलासा हुआ है कि इन्हीं के द्वारा पलासिया में भी एक चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। पूछताछ जारी है, इसी के साथ इनके पास से जब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जिनमें वॉकी टॉकी का उपयोग कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे, यह अपने आप को एक अफसर बताकर लोगों के घर में जानकारी जूटाते थे और फिर वहां पर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। चोरी में जो रातों को गलाने से लेकर धारदार हथियार तक मिले हैं इनके द्वारा हैदराबाद, राजस्थान सहित मध्य प्रदेश के ऐसे शहर निशाने पर थे जहां पर आर्थिक रूप से मजबूत लोग रहने वाले शहरों को चिन्हित कर वहां पर ही चोरी की वारदात को अंजाम देना बताया जा रहा है जहां से इन्हें पकड़ा गया वह भोपाल का एक ऐसा लग्जरी फॉर्म हाउस है जहां पर 8 कमरे और सभी कमरों में एसी लगे हुए हैं सभी सुविधाओं से युक्त फार्महाऊस में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद छुप जाया करते थे। फिलहाल पुलिस एक अन्य आरोपी की तलाश में है तो वहीं पकड़ाए तीनों ही चोरों से अन्य चोरी के मामले में पूछताछ में जुटी हुई है।

### नागपुर पुलिस की मदद से पकड़ा चोर

बता दे महाराष्ट्र के नागपुर पुलिस ने पिछले दिनों इन्हीं चोरों को पकड़कर तमाम चोरी की घटनाओं का खुलासा किया था और उसी की तर्ज पर इंदौर में भी चोरी की घटनाएं होती जिसके आधार पर पुलिस लगातार इनका पिछले कई महीनों से नजर बनाए हुए थी उनकी तमाम गतिविधियों के आधार पर इन्हें पकड़ कर देश के विभिन्न शहरों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया गया है।

चोरी करने वाले सदस्य लग्जरी जीवन जीने के आदी हैं इनके पास महंगी कार से लेकर उपयोगी सुविधायुक्त संसाधनों के साथ ही फॉर्म हाउस काफी चौंकाने वाला है, बताया जा रहा है कि फार्म हाऊस की कीमत 50 लाख से भी अधिक की कीमत का है जिसमें घोड़े रखने के लिए अलग से अस्तबल बना है तो वहीं स्विमिंग पूल भी है, बच्चों के लिए झूले, बड़ों के लिए आरामदायक कमरे बने हुए हैं, चोरी की वारदात में आए हुए पैसों से यह संपत्ति खरीदने की बात सामने आ रही है।

# डीपीएफ कांड में तीन गिरफ्तार

**उज्जैन के केंद्रीय भैरवगढ़ जेल में कर्मचारियों के डीपीएफ खाते से 15 करोड़ गबन के मामले में जांच के बाद मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके खाते में रिपुधवन में वित्तीय प्रबंध के 1.21 करोड़ ट्रांसफर किए हैं। तीनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा करीब एक दर्जन खाते और मिले हैं जिनके खातों में लाखों का ट्रांजैक्शन हुआ है। पकड़ाये आरोपी क्रिकेट सट्टे में लिप्त!**

उज्जैन/जन प्रकाशन

**अमृत बैंडवाल, सिटी रिपोर्टर।** केंद्रीय जेल में 15 करोड़ के गबन मामले में जांच के बाद अब खुलासे होने लगे हैं। बैंक डिटेल की आधार पर कुछ खाते सामने आए हैं जिनमें करोड़ों का का ट्राईजेक्शन मिला हे। फ़िलहाल 3 आरोपी पकड़ में आए हैं जिनमें अनिल चोरसिया निवासी देवास के खाते में 90 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे इसके अलावा उज्जैन के रहने वाले रिंकू के खाते में 24 लाख और हरीश गेहलोद के




खाते में 70 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ है फिलहाल तीनों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है।पुलिस को जानकारी लगी है कि क्रिकेट के सट्टे में तीनों लिप्त हैं जेल का सिपाही और लेखा विभाग का प्रभारी रिपुदमन भी इनके साथ क्रिकेट के सट्टे में लिप्त पाया गया है।इसके अलावा करीब आधा दर्जन ऐसे खाते भी सामने आए हैं जिनमें 20 से 25 लाख रुपए ट्रांसफर हुए हैं उज्जैन पुलिस ने रिपुदमन शैलेंद्र सिकरवार और एक अन्य फरार आरोपी पर पांच 10,000 का इनाम भी घोषित किया है।

# तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की



**एजेंसी/ चेन्नई**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 21 रन से जीत लिया है। इसके साथ ही कंगारू टीम ने सीरीज भी 2-1 से अपने नाम की। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 270 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में टीम इंडिया 248 रन पर सिमट गई और मुकाबला गंवा दिया।

## 21 रन से हारा भारत

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे वनडे में भारत को 21 रन से हरा दिया है। इसके साथ ही तीन मैच की सीरीज 2-1 से अपने नाम की है। भारतीय टीम चार साल बाद अपने घर में कोई वनडे सीरीज हारी है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 269 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत ने अच्छी शुरुआत की थी और विराट कोहली के अर्धशतक के चलते मैच जीतने के करीब पहुंचा था, लेकिन अंत में भारत ने लगातार विकेट गंवाए और पूरी टीम 248 रन पर सिमट गई।

इस सीरीज का पहला मैच भारत ने मुंबई में पांच विकेट से जीता था। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने विशाखापट्टनम में दूसरा वनडे 10 विकेट से अपने नाम किया था और अब तीसरा मैच भी जीतकर सीरीज भी जीत ली।

# WPL 2023 : दिल्ली कैपिटल्स फाइनल में

**एजेंसी/ मुंबई**

दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के 20वें मैच में यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से शिकस्त दे दी। इस जीत के साथ ही दिल्ली की टीम ने फाइनल में जगह बना ली। वह अंक तालिका में शीर्ष पर रही। मंगलवार (21 मार्च) को दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। यूपी वॉरियर्स की टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 138 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में 142 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया।



दिल्ली कैपिटल्स को शीर्ष पर रहने का फायदा मिलेगा। उसे एलिमिनेटर मैच में नहीं खेलना पड़ेगा। फाइनल मुकाबला 26 मार्च को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहने वाली मुंबई इंडियंस और तीसरे पायदान पर रहने वाली यूपी वॉरियर्स के बीच एलिमिनेटर मैच 24 मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा।

# इन 12 शहरों में खेला जाएगा वनडे वर्ल्ड कप



**एजेंसी/ मुंबई**

भारत में इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप 2023 की डेट्स सामने आ गई हैं। एकदिवसीय विश्व कप 5 अक्टूबर से शुरू होकर 19 नवंबर को खत्म होगा। इसका फाइनल अहमदाबाद में दुनिया का सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो की खबर के मुताबिक, अहमदाबाद के अलावा शॉर्टलिस्ट किए गए शहरों में बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर, राजकोट और मुंबई शामिल हैं। पूरे टूर्नामेंट में 46 दिनों की अवधि में तीन नॉकआउट सहित 48 मैच शामिल होंगे। हालांकि बीसीसीआई और आईसीसी की ओर से इसका आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

## बीसीसीआई की मंजूरी का इंतजार

कहा जा रहा है कि दो या तीन शहरों में टीमें वार्म-अप खेलेंगी। आमतौर पर आईसीसी विश्व कप के कार्यक्रमों की घोषणा कम से कम एक साल पहले कर देता है, लेकिन इस बार वह बीसीसीआई और भारत सरकार से जरूरी मंजूरी मिलने का भी इंतजार कर रहा है। इसमें दो प्रमुख मुद्दे शामिल हैं। पहला- टूर्नामेंट के लिए टैक्स में छूट और पाकिस्तान टीम के लिए वीजा मंजूरी।

## पाकिस्तान टीम को वीजा की मंजूरी

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह दुबई में हुई आईसीसी की बैठक में बीसीसीआई ने वैश्विक संस्था को आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान टीम के वीजा को भारत सरकार मंजूरी देगी। वहीं जहां तक टैक्स छूट के मुद्दे की बात है, उम्मीद है कि बीसीसीआई जल्द ही भारत सरकार की स्थिति के बारे में आईसीसी को अपडेट करेगा।

## अनुमानित ब्रॉडकास्टिंग इनकम 533.29 मिलियन अमरीकी डॉलर


पिछले साल आईसीसी को भारतीय कर अधिकारियों द्वारा सूचित किया गया था कि 2023 विश्व कप से ब्रॉडकास्ट रेवेन्यू के लिए 20% टैक्स (सरचार्ज को छोड़कर) लिया जाएगा। अपने नोट में बीसीसीआई ने 2023 विश्व कप से आईसीसी की अनुमानित ब्रॉडकास्टिंग इनकम 533.29 मिलियन अमरीकी डॉलर बताई है।

**मनोरंजन**

# रणवीर सिंह ब्रांड वैल्यू के मामले में बने नंबर 1

**एजेंसी/ मुंबई**

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इंडस्ट्री के सबसे एनर्जेटिक और टैलेंटेड अभिनेताओं में से एक हैं। रणवीर किसी न किसी कारण से सुर्खियों में बने रहते हैं। कभी अपने अतरंगी कपड़ों को लेकर तो कभी अपनी दिली बातों को खुलकर सबके सामने रखने के लिए। लेकिन आज रणवीर, जिस वजह से चर्चा में है वह उनके स्टारडम का अटूट हिस्सा बनकर उभरने वाला है। दरअसल, खबर आ रही है कि रणवीर सिंह, विराट कोहली को धूल चटाते हुए भारत के सबसे अमीर सेलिब्रिटी बन गए हैं।



## विराट को पीछे छोड़ आने निकले रणवीर

मीडिया में कुछ रिपोर्ट्स सामने आई हैं, जिनके मुताबिक रणवीर सिंह ने भारत का सबसे अमीर सेलिब्रिटी बनकर विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर सिंह साल 2022 की ब्रांड वैल्यू, विराट कोहली से ज्यादा बताई गई है। इसके मुताबिक जहां रणवीर की ब्रांड वैल्यू 181.7 मिलियन डॉलर आंकी गई है, वहीं विराट की 176.9 मिलियन डॉलर बताई जा रही है। ऐसे में सामने आए आंकड़ों से साफ हो गया है कि रणवीर सिंह भारत के सबसे अमीर सेलिब्रिटी हैं।

## इतने प्रतिशत बढ़ी रणवीर की ब्रांड वैल्यू

नए आंकड़ों के अनुसार, साल 2021 के हिसाब से रणवीर सिंह की ब्रांड वैल्यू में 29.1 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है। ऐसे में आप अंदाजा लगा सकते हैं कि रणवीर सिंह लोगों के बीच कितने लोकप्रिय हैं। खास बात यह है कि अभिनेता ने पिछले पांच वर्षों से भारत के सबसे मूल्यवान सेलिब्रिटी रहे विराट कोहली को पीछे छोड़कर यह ताज अपने नाम किया है।

## 'रॉकी और रानी' में नजर आएंगे रणवीर

वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर सिंह को आखिरी बार रोहित शेट्टी निर्देशित फिल्म 'सर्कस' में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप रही थी। वहीं आने वाली फिल्मों की बात करें तो रणवीर सिंह जल्द ही करण जौहर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ एक बार फिर पर्दे पर आलिया भट्ट की जोड़ी दिखेगी।

# विवादों में स्वरा का पाकिस्तानी लहंगा

**एजेंसी/ मुंबई**

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने समाजवादी पार्टी के नेता और सोशल एक्टिविस्ट फहद अहमद के साथ 6 जनवरी को कोर्ट मैरिज की थी, जिसके बाद दोनों ने मार्च में पूरे रीति-रिवाजों से शादी रचाई। 16 मार्च को बी-टाउन के इस नए कपल ने एक ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और जया बच्चन जैसे बड़े-बड़े नेता शामिल हुए थे। वहीं 19 मार्च को फहद के होमटाउन बरेली में एक और रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें उनके कुछ करीबी दोस्त और रिश्तेदार ही शामिल हुए थे। हालांकि दूसरी रिसेप्शन पार्टी में स्वरा के लहंगे को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बवाल मचा था। क्योंकि कंट्रोवर्सी क्वीन ने अपने वलीमे में पाकिस्तानी डिजाइनर का लहंगा पहना था।

अब इस विवाद के बीच स्वरा भास्कर ने अपनी रिसेप्शन पार्टी की कुछ तस्वीरें ट्विटर पर शेयर की हैं। इन फोटोज में एक्ट्रेस क्रीम कलर के लहंगे में सजी-धजी नजर आ रही हैं। स्वरा ने इस लहंगे के साथ ही हैवी ज्वैलरी भी पहनी हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार-चांद लगा रही हैं। इन फोटोज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, "मेरे वलीमे का आउटफिट, जो लाहौर से होते हुए पहले दुबई फिर बॉम्बे फिर दिल्ली और आखिरकार बरेली पहुंचा। मैं अली जीशान की प्रतिभा से अचंभित हूं। जब मैंने उन्हें फोन करके कहा कि मैं अपने वलीमे में आपका काम पहनना चाहती हूं तो उनकी गर्मजोशी और उदारता को देख मैं उनकी प्रशंसा करने के लिए मजबूर हो गई थी।"

स्वरा भास्कर के इस पोस्ट पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जहां कुछ लोग स्वरा को बधाई दे रहे हैं तो वहीं कुछ वलीमे में पाकिस्तानी लहंगा पहनने पर ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, "भारतीय डिजाइनर तो वैसे भी आपके बजट से बाहर होंगे और आईएसआई ने आपके लिए विशेष रूप से बड़ी छूट की पेशकश की होगी।" तो वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा, "आपने ये जानबूझकर किया है।" एक और यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, "आपने अपने वलीमे के आउटफिट के लिए पाकिस्तानी डिजाइनर को क्यों चुना और दूसरा आपको इसे मेंशन करने की जरूरत महसूस हुई। आपकी मर्जी है लेकिन यह कई चीजों की तरफ इशारा है।"



# भारत में लॉन्च हुई हुंडई वरना 2023



**एजेंसी/ मुंबई**

2023 हुंडई वरना को आखिरकार भारत में लॉन्च कर दिया गया है। वरना पहले से ही इंडियन मार्केट में उपलब्ध है। अब कंपनी ने इसका अपडेटेड वर्जन पेश किया है। न्यू वरना में कुछ सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स और प्रीमियम इंटीरियर दिया गया है।

### 2023 हुंडई वरना का साइज

नई वरना पुराने मॉडल के मुकाबले अधिक बड़ी है। यह 4535mm लंबी, 1765mm चौड़ी और 1475mm ऊंची है। वहीं इसका व्हीलबेस 2670mm है। इस कार में 528 लीटर बूट स्पेस मिलता है।

### 2023 हुंडई वरना के फीचर्स

इस कार में 10.25-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो को सपोर्ट करता है। इसके अलावा इसमें डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, बोस का 8-स्पीकर साउंड सिस्टम, टच-बेस्ड क्लाइमेट कंट्रोल सिस्टम, वेंटीलेटेड फ्रंट सीट्स दी गई हैं।

### 2023 हुंडई वरना का इंजन

नई वरना को दो इंजन ऑप्शन्स में पेश किया गया है। इनमें से एक 1.5-लीटर 4-सिलेंडर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन है। वहीं दूसरा 1.5-लीटर 4-सिलेंडर टर्बो पेट्रोल इंजन है। इसमें पहला वाला 113bhp की पावर और 114Nm का टॉर्क जनरेट करता है। इसके अलावा टर्बो पेट्रोल इंजन 158bhp की पावर और 253Nm का टॉर्क देता है। इसके साथ 6-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर और 7-स्पीड DCT ट्रांसमिशन का ऑप्शन मिलता है।

### 2023 हुंडई वरना की सेफ्टी

नई हुंडई वरना में ADAS टेक्नोलॉजी दी गई है। इसमें अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल, लेन कीप असिस्ट, ब्लाइंड स्पॉट अलर्ट, लेन डिपार्चर अलर्ट, ड्राइवर अटेंशन वार्निंग, लेन फॉलोइंग असिस्ट, हाई बीम असिस्ट जैसे सेफ्टी फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा सिडैन में हिल स्टार्ट असिस्ट, 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), ईबीडी के साथ एबीएस, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, ऑटोमैटिक हेडलैंप और इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक सेफ्टी फीचर्स भी हैं।

### 2023 हुंडई वरना की कीमत

नई हुंडई वरना की कीमत 10.90 लाख रुपये से शुरू होती है। यह कीमत एक्स-शोरूम के मुताबिक है। भारतीय बाजार में इसका मुकाबला Maruti Suzuki Ciaz, Volkswagen Virtus, Honda City और Skoda Slavia जैसी कारों से होगा। **साभार**

# इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन में भी साइबर अटैक का डर: नितिन गडकरी



**एजेंसी/ नई दिल्ली**

इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन भी किसी अन्य टेक्निकल एप्लिकेशन की तरह साइबर हमलों का शिकार हो सकते हैं। येसाइबर सुरक्षा घटनाओं के लिए अधिक संवेदनशील हैं।' लोकसभा में एक सवाल का लिखित जवाब देते हुए केंद्रीय परिवहन मंत्री ने नितिन गडकरी ने ये बात कही है। उन्होंने कहा कि इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन), जो भारत में साइबर सुरक्षा घटनाओं पर निगरानी रखती है, उसे इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन से संबंधित प्रोडक्ट्स और एप्लिकेशन में कमियों की एक रिपोर्ट मिली है। जिस पर उन्होंने कहा है कि 'सरकार विभिन्न तरह के साइबर सुरक्षा के खतरों पर पूरी तरह नजर रख रही है और हैकिंग के मुद्दे से निपटने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठा रही है."



नितिन गडकरी ने संसद में बताया कि सीईआरटी-इन की ओर से दी गई और ट्रैक की गई जानकारी के अनुसार, साल 2018 में 2,08,456, साल 2019 में 3,94,499, साल 2020 में 11,58,208, साल 2021 में 14,02,809 और साल 2022 में 13,91,457 साइबर सुरक्षा की घटनाएं देखने को मिल चुकी हैं।

### हिट-एंड-रन दुर्घटना का मुआवजा बढ़ा

एक अन्य सवाल के जवाब का उत्तर देते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में फरवरी तक हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को मुआवजे के रूप में 147 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। मंत्रालय ने हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के शिकार लोगों के लिए मुआवजा योजना, 2022 तैयार किया है। इसमें हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए मुआवजा को बढ़ाया गया है। इसमें गंभीर चोट के मामलों के लिए 50,000 रुपये और मृत्यु के मामलों के लिए 2,00,000 रुपये के मुआवजे का प्रावधान है।

**साभार**

# दुनिया के टॉप 10 अरबपतियों में मुकेश अंबानी

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी दुनिया के सबसे अमीर कारोबारियों की लिस्ट में दूसरे नंबर से फिसलकर 23वें नंबर पर आ गए है। बुधवार को M3M हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2023 जारी की गई है जिसमें ये जानकारी सामने आई है। नेटवर्थ में साल-दर-साल 35% की गिरावट के साथ, अडाणी की कुल नेटवर्थ 53 बिलियन डॉलर है।

हुरुन के मुताबिक, अडाणी को पिछले साल के मुकाबले 28 बिलियन डॉलर या हर हफ्ते 3,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। वहीं ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) के चेयरमैन मुकेश अंबानी 82 बिलियन डॉलर के साथ दुनिया के टॉप 10 बिलेनियर्स की लिस्ट में एकमात्र भारतीय हैं। वेल्थ में 20% की गिरावट के बावजूद उन्होंने लगातार तीसरे साल सबसे धनी एशियाई का खिताब बरकरार रखा है।

### साइरस पूनावाला भारतीयों में तीसरे नंबर पर

अन्य भारतीय अरबपतियों में, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साइरस पूनावाला 27 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ तीसरे स्थान पर रहे, शिव नाडार एंड फैमिली 26 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ चौथे स्थान पर 20 बिलियन डॉलर के साथ लक्ष्मी मित्तल पांचवें स्थान पर रहे। इनके बाद एसपी हिंदुजा एंड फैमिली, दिलीप संघवी एंड फैमिली, राधाकिशन दमानी, कुमार मंगलम बिड़ला और उदय कोटक 10वें नंबर पर हैं।



### 24 जनवरी को जारी की थी हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट

24 जनवरी को अमेरिकी शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग ने एक रिपोर्ट जारी कर अडाणी ग्रुप पर शेयर मैनिपुलेशन से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे आरोप लगाए थे। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर एक समय करीब 3500 रुपए से गिरकर 1,000 रुपए के करीब आ गया था। अभी शेयर का भाव 1,800 के करीब है। **साभार**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया 6G टेस्ट बेड

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मार्च को विज्ञान भवन में इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (ITU) के नए एरिया ऑफिस और इनोवेशन सेंटर का उद्घाटन किया। यह ITU का देश में पहला एरिया ऑफिस और इनोवेशन सेंटर है। कार्यक्रम के दौरान, प्रधान मंत्री ने भारत 6G विजन डॉक्यूमेंट के बारे में बताया और 6G R&D टेस्ट बेड को लॉन्च किया।

टेक्नोलॉजी इनोवेशन ग्रुप ने भारत 6G विजन डॉक्यूमेंट 6G (TIG-6G) को तैयार किया है, इसका गठन नवंबर 2021 में विभिन्न मंत्रालयों / विभागों, रिसर्च और डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, एकेडमिक, मानकीकरण निकायों, टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर और इंडस्ट्री के सदस्यों के साथ रोडमैप विकसित करने और 6G की प्लानिंग करने के लिए किया गया था।

6जी टेस्ट बेड इंडस्ट्री, स्टार्ट-अप्स, MSMEs आदि को बढ़ती हुई ITC टेक्नोलॉजी का टेस्ट और वेरिफिकेशन करने के लिए एक प्लेटफार्म देगा। भारत 6G विजन डॉक्यूमेंट और 6G टेस्ट बेड देश में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी को तेजी से बढ़ाने और अपनाने के लिए एक प्रतिकूल वातावरण देगा।

### कब लॉन्च होगा 6G ?

हाल ही में देश में 5जी लॉन्च किया गया था। हालांकि देश में 6G के कमर्शियल रोलआउट होने अभी सालों का समय लग सकता है। फिलहाल 5G पर दुनियाभर में कई जगहों पर टेक्नोलॉजी काम कर रहे है। भारत ने भी 2022 के अंत से अपनी 5G सर्विस शुरू कर दी है, और दूरसंचार कंपनियां यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं।

### ITU क्या है

इंटरनेशनल टेलीकम्यूनिकेशन यूनियन (ITU) इन्फॉर्मेशन और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष संस्था है। इसका हेडक्वाटर जिनेवा में है। यह लोकल, रूरल और स्टेट ऑफिसेस का एक नेटवर्क है। भारत ने क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के लिए ITU के साथ मार्च 2022 में एक मेजबान देश समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। **साभार**

# RBI का आदेश: 31 मार्च तक खुले रहेंगे सभी बैंक

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

बैंकों की सभी ब्रांच 31 मार्च तक खुली रहेंगी। आरबीआई ने बैंकों को अपनी ब्रांच 31 मार्च तक खोले रखने का आदेश दिया है। इससे अब आप रविवार को भी बैंक से जुड़े काम निपटा सकेंगे। 31 मार्च के बाद लगातार 2 दिन यानी 1 और 2 अप्रैल को बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च को फाइनेंशियल ईयर 2022-23 खत्म हो जाएगा। सरकार से जुड़े सभी ट्रांजैक्शंस इस तारीख तक सेटल हो जाने चाहिए। वहीं RBI ने कहा कि नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर (NEFT) और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (RTGS) सिस्टम के जरिए होने वाले ट्रांजैक्शंस 31 मार्च को रात 12 बजे तक जारी रहेंगे।

### सरकारी चेक के कलेक्शन के लिए स्पेशल क्लियरिंग

सरकारी चेक के कलेक्शन के लिए स्पेशल क्लियरिंग कंडक्ट किए जाएंगे, जिसके लिए डिपार्टमेंट ऑफ पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (DPSS) जरूरी निर्देश जारी करेगा। DPSS RBI के तहत आता है। सेंट्रल एंड स्टेट गवर्नमेंट के ट्रांजैक्शंस की रिपोर्टिंग के लिए रिपोर्टिंग विंडो 31 मार्च को 1 अप्रैल को दोपहर तक ओपन रखे जाएंगे। **साभार**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक मनोज कुमार चौबे के लिए डीबी कॉर्प लि., 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित तथा 102-ए, अरण्य स्कीम नं. 78, एस-5, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक :** मनोज कुमार चौबे (मो. 9200031247) ● RNI No. MPHIN/2013/50913
(सभी विवादों का न्यायक्षेत्र इन्दौर रहेगा)